दिन– बुधवार दिनांक– 21/01/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा के तहत आज सारण जिले को पांच सौ अड़तीस करोड़ रूपये की विभिन्न विकास योजनाओं की सौगात देंगे।

02. मुख्य न्यायाधीश संगम कुमार साहू ने निचली अदालतों को जमानत याचिकाएं निपटाने का निर्देश दिया।

03. केंद्र सरकार ने केंद्रीय मोटर वाहन नियम में संशोधन कर उपयोगकर्ता शुल्क भुगतान को सशक्त बनाया।

04. और, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के विभिन्न भागों में ठंड में बढ़ोतरी। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की कमी का पूर्वानुमान जताया।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा के तहत आज सारण जिले को पांच सौ अड़तीस करोड़ रूपये की विभिन्न विकास योजनाओं की सौगात देंगे। इस दौरान श्री कुमार जन संवाद भी करेंगे। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से.

–––बाईट–––

---

राज्य में जमीन मापी के लंबित मामलों का निपटारा इकतीस जनवरी तक कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी। श्री कुमार ने कहा कि इससे सरल, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से मामलों का निपटारा संभव हो सकेगा। इधर, उप मुख्यमंत्री सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि राज्य में अभियान चलाकर जमीन से जुड़े विवादों को समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। श्री सिन्हा ने कहा कि विवादित भू–मापी के मामलों को लेकर भी एक अप्रैल से विशेष अभियान चलाया जाएगा।

–––बाइट–––

---

मुख्य न्यायाधीश संगम कुमार साहू ने निचली अदालतों को जमानत याचिकाएं निपटाने का निर्देश दिया है। पटना उच्च न्यायालय में जमानत याचिकाओं की लम्बी सूची को देखते हुये सभी जिला और सत्र न्यायाधीशों को जमानत संबंधी मामलों का निपटारा करने का निर्देश दिया है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि तीन से सात वर्ष की सजा के मामले में निचली अदालत से अग्रिम या नियमित जमानत नहीं दिये जाने के

कारण हाई कोर्ट में याचिकाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। इधर, उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा कथित रूप से बड़े पैमाने पर उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा नहीं किये जाने के मामले में सरकार से जवाब मांगा है।

---

केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग टोल प्लाजा पर उपयोगकर्ता शुल्क भुगतान के अनुपालन को मजबूत करने के लिए केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 2026 को अधिसूचित किया है। इन संशोधनों का उद्देश्य उपयोगकर्ता शुल्क अनुपालन में सुधार करना, इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह की दक्षता बढ़ाना और राष्ट्रीय राजमार्गों पर उपयोगकर्ता शुल्क चोरी को रोकना है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा है कि ये संशोधन राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण– एनएचएआई को पूरे देश में राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क के विकास और रखरखाव की टोलिंग प्रणालियों को बढ़ावा देने में मदद करेंगे। प्रावधानों के अनुसार एक राज्य से दूसरे राज्य में वाहन के हस्तांतरण के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र– एनओसी तब तक जारी नहीं किया जाएगा जब तक उपयोगकर्ता द्वारा कोई भी बकाया शुल्क का भुगतान नहीं किया जाता। इसके अलावा, राष्ट्रीय परमिट चाहने वाले वाहनों के लिए, संशोधित नियमों के अनुसार यह अनिवार्य है कि वाहन पर उपयोगकर्ता द्वारा कोई भी बकाया शुल्क न हो।

---

मत्स्यपालन विभाग आज नई दिल्ली में तिरासी भागीदार देशों के राजदूतों और उच्चायुक्तों के साथ गोल मेज सम्मेलन का आयोजन करेगा। इस सम्मेलन की अध्यक्षता मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह करेंगे। सम्मेलन का उद्देश्य द्विपक्षीय व्यापार को मजबूत करना, समुद्री भोजन के निर्यात को बढ़ावा देना और व्यापार को अंतर्राष्ट्रीय बाजारों से जोड़ना है।

---

कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा है कि प्रदेश के किसी भी जिले में उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में एक लाख चौरासी हजार मीट्रिक टन यूरिया समेत अन्य उर्वरकों का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। श्री यादव ने बताया कि उर्वरकों की कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए विभाग द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि रबी मौसम के दौरान कालाबाजारी करने वाले बयालीस उर्वरक प्रतिष्ठानों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। साथ ही एक सौ पन्द्रह उर्वरक प्रतिष्ठानों के उर्वरक प्राधिकार पत्र रद्द किए गए हैं।

---

गणतंत्र दिवस पर नई दिल्ली में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में शामिल होने के लिए बिहार सरकार की जीविका परियोजना की ओर से बीस सदस्यीय दल को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। इस दल में इस दल में शामिल खगड़िया निवासी आजाद राजीव रंजन निमंत्रण मिलने पर काफी उत्साहित हैं।

———बाईट———

---

विधानमंडल का बजट सत्र शुरू होने से पहले उनतीस जनवरी को विधान परिषद में सर्वदलीय बैठक आयोजित की जायेगी। बैठक की अध्यक्षता सभापति अवधेश नारायण सिंह करेंगे। बैठक में नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी और संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी समेत अठारह सदस्य शामिल होंगे। इस दौरान सदन के शांतिपूर्ण संचालन और जनता से जुड़े मामलों को उठाने समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा की जायेगी।

---

नितिन नवीन के भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर बधाई और शुभकामनाओं का सिलसिला जारी है। विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने कहा है कि श्री नवीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना बिहार के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में पार्टी नई ऊंचाईयों तक पहुंचेगी।

---

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राजधानी पटना समेत राज्य के अधिकतर भागों में ठंड में बढ़ोतरी हुई है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों के दौरान राज्य के अनेक स्थानों पर अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की कमी की संभावना है।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापामन आठ दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

---

सक्रिय सुशासन और योजनाओं के समयबद्ध कार्यान्वयन के लिए प्रधानमंत्री के प्रमुख तंत्र प्रगति ने अपनी पचासवीं बैठक के साथ महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री ने दो हजार पन्द्रह में इस तंत्र का शुभारंभ किया था। प्रगति ने केंद्र, राज्य और केंद्रीय मंत्रालयों को एकल डिजिटल मंच पर लाकर सहकारी संघवाद का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत किया है। आज हम कोयला मंत्रालय से जुड़ी परियोजनाओं पर नजर डालते हैं। एक रिपोर्ट—

———रिपोर्ट———

---

प्रदेश को डिजिटल स्वास्थ्य सेवा में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला है। भुवनेश्वर में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण, एनएचए की समीक्षा बैठक के दौरान आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन, बिहार के राज्य मिशन निदेशक शशांक शेखर सिन्हा ने यह सम्मान प्राप्त किया। यह सम्मान एबीडीएम को सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में प्रभावी और व्यापक रूप से लागू करने के लिए दिया गया है।

---

प्रदेश में सरस्वती पूजा प्रतिमा विसर्जन के दौरान बिना लाइसेंस के जुलूस नहीं निकाला जा सकेगा। पुलिस मुख्यालय ने सभी पूजा समितियों को विसर्जन जुलूस का लाइसेंस निर्गत करने के निर्देश दिए हैं। जुलूस के दौरान हथियार और भड़काऊ संगीत बजाने पर प्रतिबंध रहेगा। इधर, पूजा समितियों को प्रतिमा विसर्जन जुलूसों का मार्ग निर्धारण पूर्व में ही करा लिये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

---

प्रदेश के विद्यालयों में मध्याह्न भोजन योजना, एमडीएम के तहत कार्यरत रसोइया सह सहायक से कोई अन्य कार्य नहीं लिया जा सकेगा। एमडीएम निदेशक विनायक मिश्र ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्र भेजा है।

---

छत्तीसगढ़ के रायपुर में आयोजित उनहत्तरवीं राष्ट्रीय विद्यालय गतका खेल प्रतियोगिता में बिहार की टीम ने बालक वर्ग में पंजाब को हराकर कांस्य पदक जीता है। वहीं, बालिका वर्ग में भी प्रदेश की टीम ने दिल्ली को पराजित कर कांस्य पदक प्राप्त किया।

ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित सब जूनियर रग्बी बालक प्रतियोगिता में बिहार की टीम ने क्वार्टरफाईनल में प्रवेश कर लिया है।

---

पश्चिम चम्पारण जिले के भितहा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी डॉक्टर मनोरंजन कुमार के खिलाफ निगरानी थाने में मामला दर्ज किया गया है। डॉक्टर पर एक निजी कंपनी के सुरक्षा प्रहरी के योगदान के बदले रिश्वत मांगने का आरोप है।

---

पुलिस महानिरीक्षक जितेंद्र राणा ने नालंदा जिले के सभी थानों में लंबित कांडों को फरवरी माह के अंत तक निपटाने का निर्देश दिया है। श्री राणा ने इकतीस जनवरी तक वांछित अपराधियों के खिलाफ अदालत से वारंट लेने के भी निर्देश दिये हैं।

---

पटना जिले की बेऊर थाना पुलिस ने बेऊर जेल के अंदर गांजा और स्मैक पहुंचाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया। पुलिस ने इसमें चार अपराधियों को गिरफ्तार भी किया।

---

वैशाली की जिलाधिकारी वर्षा सिंह ने बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और आपदा प्रबंधन विभाग के तत्वावधान में समाहरणालय परिसर में भूकम्प सुरक्षा पखवाड़े का शुभारंभ किया। यह पखवाड़ा तीन फरवरी तक चलेगा।

---

शेखपुरा के पुलिस अधीक्षक बलराम कुमार चौधरी की अध्यक्षता में हथियावां थाना में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों ने अपनी शिकायतें एसपी के सामने रखीं।

---

सुपौल के सांसद दिलेश्वर कामत के नेतृत्व में त्रिवेणीगंज प्रखंड के महोलिया में स्कूल बैग और स्टेशनरी किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बैंक ऑफ इंडिया की ओर से किया गया।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.........

आज के सभी समाचार पत्रों ने नितिन नवीन के भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया हैं।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– पैंतालीस वर्षीय नितिन नवीन ने संभाली भाजपा की कमान। कहा– मैं कार्यकर्ता। मोदी बोले– नवीन मेरे बॉस।

दैनिक जागरण ने लिखा है– सात दिनों में जमीन की मापी की गारंटी।

दैनिक भास्कर अपनी विशेष खबर में लिखता है– एसोसिएट और प्रोफेसर की बहाली के नियम बदलेंगे।

प्रभात खबर ने लिखा है– यात्रा से आठ घंटे पहले टिकट रद्द किया तो रिफंड नहीं।

राष्ट्रीय सागर और आज समेत अन्य अखबारों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा से जुड़ी खबरों को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा के तहत आज सारण जिले को पांच सौ अड़तीस करोड़ रूपये की विभिन्न विकास योजनाओं की सौगात देंगे।

02. मुख्य न्यायाधीश संगम कुमार साहू ने निचली अदालतों को जमानत याचिकाएं निपटाने का निर्देश दिया।

03. केंद्र सरकार ने केंद्रीय मोटर वाहन नियम में संशोधन कर उपयोगकर्ता शुल्क भुगतान को सशक्त बनाया।

04. और, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के विभिन्न भागों में ठंड में बढ़ोतरी। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की कमी का पूर्वानुमान जताया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।